**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 02 June 2025** **Page No. 5**

शहर

2/06/25 05

## विश्व धूमपान निषेध दिवस पर गोष्ठी



मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सुभारती मेडिकल कालेज के
कम्युनिटी मेडिसन विभाग द्वारा संचालित शहीद भगत सिंह सुभारती नगरीय
स्वास्थ्य व प्रशिक्षण केन्द्र मुल्तान नगर में विश्व धूम्रपान निषेध द्रिवस पर स्वास्थ्य
गोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता दंत रोग विशेषज्ञ डा. धर्मेन्द्र सिंह ने गुटका खाने से मुंह के
कैंसर के बारे में बताया। डॉ. उषा मिन्हास ने तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों
के बारे में बताया। गोष्ठी में विरेन्द्र कुमार, अंजू व कुसुम का योगदान रहा।

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 03 June 2025** **Page No. 2**

3/6/25 02 H

### छात्रों ने मनाया विश्व इंटीरियर दिवस



मेरठ। सुभारती विवि के कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिज़ाइन के इंटीरियर डिज़ाइन विभाग ने सोमवार को 'वर्ल्ड इंटीरियर डे' मनाया। इसकी शुरुआत इंटीरियर प्रदर्शनी और इंटीरियर डिज़ाइन कैटलॉग 'स्थापत्य 2025' के लोकार्पण से हुई। डीन प्रो.पिंटू मिश्रा, कुलदीप सिंह, डॉ.धर्मराज जे.पाटिल और विभागाध्यक्ष डॉ.नेहा सिंह ने किया। कुलदीप सिंह ने आंतरिक स्थानों में कलात्मक अभिव्यक्ति और संरचनात्मक तत्वों के बीच जटिल संबंधों को समझाया।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 09 June 2025 Page No. 2**

9/6/25 H

## बीएससी नर्सिंग, बीपीटी में प्रवेश को दी एस नेट परीक्षा

**मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में सेंट्रल एडमिशन सेल द्वारा विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा एस नेट (सुभारती नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट) के दूसरे चरण का आयोजन किया गया।

छात्रों ने बीएससी नर्सिंग व बीपीटी कोर्स में प्रवेश के लिए परीक्षा दी। सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज व कार्यकारी अधिकारी डॉ.कृष्णा मूर्ति ने शुभकामनाएं दी। सेंटर एडमिशन सेल के सहायक निदेशक शम्मी सक्सेना ने बताया कि परीक्षा ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों प्रारूप में आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न पाठ्यक्रमों जिसमें मैनेजमेंट, फाइन आर्ट, पत्रकारिता, शारीरिक शिक्षा, होटल मैनेजमेंट, फैकल्टी ऑफ साइंस, लॉ, इंजीनियरिंग, फिजियोथेरेपी, पॉलीटेक्निक, शिक्षा संकाय, कला एवं सामाजिक विज्ञान, फार्मेसी आदि के विभिन्न कोर्स में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन परीक्षा दी।

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 09 June 2025** **Page No.** **City Page 5**

9/06/25 AU 05 MyCity

## सुभारती विवि में एस-नेट परीक्षा देने के लिए उमड़े विद्यार्थी



सुभारती विवि में एस-नेट परीक्षा के लिए पहुंचे परीक्षार्थियों की जांच करती टीम। स्रोत : विवि

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में सेंट्रल एडमिशन सेल की ओर से रविवार को विवि की प्रवेश परीक्षा एस-नेट (सुभारती नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट) के दूसरे चरण का आयोजन किया गया। इसमें देश भर के विभिन्न राज्यों के छात्र-छात्राओं ने बीएससी नर्सिंग एवं बीपीटी कोर्स में प्रवेश के लिए परीक्षा दी।

विवि के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज एवं कार्यकारी अधिकारी डॉ. कृष्ण मूर्ति ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। सेंटर एडमिशन सेल के सहायक निदेशक शम्मी सक्सेना ने बताया कि परीक्षा में लगभग 2500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि परीक्षा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों प्रारूप में हुई। इसका उद्देश्य बेहतर उच्च शिक्षा का मौका देना है। बीएससी नर्सिंग एवं बीपीटी कोर्स के अतिरिक्त अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन परीक्षा की गई है।

## पीडब्ल्यूडी ने एचडीएफसी को सात विकेट से हराया



मैच के बाद पुरस्कृत खिलाड़ी। स्रोत : संस्था

मेरठ। गेम सिटी एरेना में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में पीडब्ल्यूडी और एचडीएफसी के बीच मैच खेला गया। पीडब्लूडी ने सात विकेट से जीत प्राप्त की। टॉस जीतकर एचडीएफसी ने 20 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए।

इसमें बल्लेबाज सुशांत ने 74 रन और शारिक ने 15 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में पीडब्ल्यूडी की ओर से केजी शर्मा ने 4 विकेट और प्रमोद ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीडब्ल्यूडी की टीम ने 17.5 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाकर मैच जीता। इसमें जितेंद्र ने 66 रन और आकाश ने 27 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में संदीप ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच जितेंद्र को चुना गया। गेम सिटी एरेना के महाप्रबंधक नलिन अग्रवाल ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। संवाद

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 10 June 2025 Page No. City Page 5**

10/6/25 05 My City

# योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा बेहद लाभकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय के मेडिकल कॉलेज के काउंसिल हॉल में योग दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. राहुल बंसल ने योग और मेडिसिन पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में भी योग और प्राकृतिक चिकित्सा बेहद विश्वसनीय और लाभकारी है। देश विदेश के शीर्ष मेडिकल संस्थान योग को मॉडर्न मेडिसिन के साथ लेकर चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि मॉडर्न मेडिसिन के रिसर्च से लगभग 25 प्रमुख बीमारियों में योग का निश्चित प्रभाव देखा गया है। इनमें से हार्ट अटैक, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा, डिप्रेशन और कैंसर आदि प्रमुख हैं।

एआईआईएमएस दिल्ली में 25 साल से इंटीग्रेटेड मेडिसिन का विभाग चल रहा है। यहां मॉडर्न मेडिसिन के साथ योग को अपनाया गया है। एम्स में भी पूरे भारतवर्ष में इंटीग्रेटेड मेडिसिन के विभाग खोलने जा रहे हैं, जहां मॉडर्न मेडिसिन के साथ योग एवं आयुर्वेद का समन्वय किया जा रहा है।



सुभारती में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग। स्रोत : संस्थान

### सुभारती विवि में योग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

रिसर्च की कमी नहीं है, बस योग को अपनाना चाहिए और मेडिकल प्रैक्टिस में लाना चाहिए। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा स्वास्थ्य रक्षा के लिए सबसे ज्यादा विश्वसनीय एवं लाभकारी है।

उन्होंने कहा कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा क्षेत्र में छात्रों के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को नियमित योग करने का संकल्प दिलाया। डॉ. किशोर सिंह ने कैंसर पर नियंत्रण में योग की उपयोगिता पर व्याख्यान दिया। उन्होंने साइंटिफिक प्रेजेंटेशन से सिद्ध किया कि कैंसर के मरीजों के लिए योग की बहुत उपयोगिता है। सुभारती अस्पताल में बेहतर विशेषज्ञ हैं। नैचरोपैथी योगा, एमबीबीएस सहित अन्य पाठ्यक्रमों से संबंधित छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 12 June 2025 Page No. City Page 5**

# शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर मंथन किया

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सत्यजीत रे ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 उच्च शिक्षण संस्थानों के समक्ष चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि प्रो. दिनेश चंद्र शर्मा, प्रो. आरके घई, प्रो. देवेंद्र स्वरुप और डॉ. अमर प्रकाश गर्ग ने किया।

डॉ. आरके घई ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए इसके मूल सिद्धांत को समझना अत्यंत आवश्यक है। सुभारती विश्वविद्यालय इसके लिए प्रमुखता से कार्य कर रहा है। डॉ. संगीता दयाल ने विश्वविद्यालय में एनईपी की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने एनईपी के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। संवाद



सुभारती में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि को सम्मानित करते आयोजक। स्रोत : संस्थान

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 13 June 2025** **Page No. 7**

शहर 360°

13/06/25 67 H

## बौद्धिक संपदा अधिकारों पर व्याख्यान



मेरठ। सुभारती विवि के लिबरल आर्ट्स एवं ह्यूमेनिटीज विभाग द्वारा 'बौद्धिक संपदा अधिकारों की समझ रचनात्मकता और नवाचार की सुरक्षा' थीम पर व्याख्यान हुआ। शुभारंभ समन्वयक डॉ.अमृता चौधरी ने कहा आज के डिजिटल एवं नवाचार-प्रधान युग में बौद्धिक संपदा अधिकार महत्वपूर्ण हैं। डॉ.निशा राणा ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार आज के ज्ञान-आधारित समाज में नवाचारों और मौलिक रचनाओं की सुरक्षा के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करते हैं।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 13 June 2025** **Page No.** **City Page 5**

13|06|25 AU 06 My City

व्याख्यान

सुभारती में बौद्धिक संपदा अधिकारों की समझ और नवाचार की सुरक्षा विषय पर हुआ व्याख्यान

# बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के लिबरल आर्ट्स एवं ह्यूमैनिटीज विभाग में बौद्धिक संपदा अधिकारों की समझ और नवाचार की सुरक्षा विषय पर एक व्याख्यान किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. निशा राणा रही।

समन्वयक डॉ. अमृता चौधरी ने किया। उन्होंने थीम का परिचय देते हुए आज के डिजिटल एवं नवाचार-प्रधान युग में बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि यह विषय विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, कलाकारों, नवप्रवर्तकों और उद्यमियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. निशा राणा ने अपने व्याख्यान की शुरुआत बौद्धिक संपदा अधिकारों की अवधारणा और उनकी उपयोगिता को स्पष्ट करते हुए की। उन्होंने बताया कि बौद्धिक संपदा अधिकार आज के ज्ञान-आधारित समाज में नवाचारों और मौलिक रचनाओं की सुरक्षा के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करते हैं।

उन्होंने विभिन्न प्रमुख घटकों जैसे पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, भौगोलिक संकेत, डिज़ाइन, और व्यापार रहस्यों के बारे में सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया।

विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता को एक न्यायसंगत और नैतिक अकादमिक संस्कृति की दिशा में पहला कदम बताया। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं से आग्रह किया कि वह अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और अपनी रचनाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दें।



सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान में मौजूद अतिथि। स्रोत : संस्थान

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 18 June 2025** **Page No.** **City Page 6**




नौचंदी के पटेल मंडप में प्रस्तुति देतीं सुभारती की कथक कलाकार। संवाद

18/06/25 AU Mycity06

## सुभारती विवि की छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुति

मेरठ। नौचंदी मेला पटेल मंडप में सुभारती विश्वविद्यालय की ओर से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। मां सरस्वती वंदना हुई और दीप प्रज्ज्वलन किया गया। बालिकाओं ने कथक की प्रस्तुति दी। प्रतिभागी कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मंत्रमुग्ध किया। कॉलेज की छात्राओं ने मीरा बाई पर आधारित सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कथक के साथ भरत नाट्यम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान तांडव नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अश्वनी गुप्ता, अनिरुद्ध गोयल, डॉ. भावना ग्रोवर आदि रहे। ब्यूरो

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 18 June 2025 Page No. 7**

18/06/25 07 H

## जय जय श्री गणराज विद्या सुखदाता,

नौचंदी मेला

मेरठ, संवाददाता। नौचंदी मेले के पटेल मंडप में मंगलवार की रात मनमोहक सांस्कृतिक संध्या के रूप में सजी। जब राष्ट्रीय कला भारती संस्था और स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के संयुक्त तत्वावधान में भाव प्रस्तुतियों का भव्य आयोजन हुआ। शहर की सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना एवं विदुषी प्रोफेसर डा. भावना ग्रोवर एवं उनके शिष्यों ने कत्थक की पारंपरिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं उपशास्त्रीय गायन में डा. इंद्रेश मिश्रा की गायकी ने समां बांधा।

कार्यक्रम का आरंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसके भावपूर्ण बोल 'जय जय श्री गणराज विद्या सुखदाता, धन्य तुम्हारे दर्शन, मेरा मन रमता... ने संपूर्ण





मंगलवार को नौचंदी मैदान स्थित पटेल मंडप में प्रस्तुति देतीं कलाकार। • हिन्दुस्तान

वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। डॉ. भावना ग्रोवर ने अपनी शिष्याओं, वान्या भगत, खुशी मल्होत्रा, रिया निमिषा शास्त्री और श्वेता सिंह संग भव्य नृत्य प्रस्तुत कर भावविभोर कर दिया। भारतीय शास्त्रीय नृत्य, 'कत्थक' के परंपरागत अंगों – थाट, आमद, टुकड़ें, परण, प्रमेलु आदि की प्रस्तुति दी। उन्होंने अपनी शिष्याओं, खुशी मल्होत्रा, रिया मल्होत्रा, वसुंधरा शर्मा और वन्या भगत के साथ तीनताल की द्रुत लय में प्रस्तुति देकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। विवि के डॉ. इंद्रेश मिश्रा ने ठुमरी, भजन और राग आधारित गायन से श्रोताओं को सुरों की मधुर यात्रा पर ले गए। ललित कला संकाय के डीन प्रोफेसर पिंटू मिश्रा भी मौजूद रहे।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 19 June 2025** **Page No.** **City Page 6**

19/06/25 AU

## सुभारती विवि के दो विद्यार्थी एबरडीन विवि में चयनित



प्रियंका रानी



मेहंदी हैदर जैदी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलेज में अध्ययनरत बीएएलएलबी के दो विद्यार्थियों का चयन हुआ है। सैयद मेहंदी हैदर जैदी तथा प्रियंका. रानी का विधि क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए एबरडीन विश्वविद्यालय स्कॉटलैंड में चयन हुआ है।

कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज एवं कार्यकारी अधिकारी डॉ. कृष्णा मूर्ति ने दोनों विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। हैदर तथा प्रियंका ने सफलता का श्रेय माता-पिता, सुभारती लॉ कॉलेज और प्रो. डॉ. रीना बिश्नोई तथा डॉ. आफरीन अल्मास समेत सभी शिक्षकों को दिया। पूर्व न्यायमूर्ति राजेश चंद्रा और संकाय अध्यक्ष प्रो. डॉ. वैभव गोयल विद्यार्थियों को बधाई दी। संवाद

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 21 June 2025** **Page No.** **City Page 7**


मेरठ | शनिवार • 21.06.2025

मर उजाला 07


21/06/25 AU 07 Mycity

## गंगा भारत के हृदय में बसी संस्कृति है : अनिल कुमार



सुभारती विश्वविद्यालय में हुए कार्यक्रम में शामिल अतिथि। स्रोत : विवि

### सुभारती विवि में हुआ गंगा पुस्तक परिक्रमा कार्यक्रम

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के भाषा विभाग द्वारा गंगा पुस्तक परिक्रमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें गंगा की सफाई एवं महत्व के विषय पर चित्र व पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई गई। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा वैन लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों का सभी ने अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अनिल कुमार गांधी, लेखक डॉ. रामगोपाल भारतीय, कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल और प्रतिकुलपति कर्नल देवेन्द्र स्वरूप ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विश्वविद्यालय कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि पुस्तकों द्वारा हमारी सभ्यता व संस्कृति का संरक्षण तथा विकास होता है। इसलिए पुस्तकें हमें अंधकार से प्रकाश की ओर लाती है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गंगा का महत्व सर्वोपरि है। गंगा नदी भारतीय संस्कृति का गौरव है और गंगा का जल परम पवित्र है। संवाद

## Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 21 June 2025** **Page No. 5**

बाबा ही क्यूं बनता। स्वदेश यादव ने सुना कवि सम्मेलन का समापन किया। इसके बाद अयोध्या में विराज सामात सद

21/06/25 05 H

# गंगा जलधारा नहीं, संस्कृति में है समाहित

**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** पुस्तकें हमारी सभ्यता एवं संस्कृति का संरक्षण और विकास करती हैं। पुस्तकें हमें अंधकार से प्रकाश की ओर लाती हैं। भारतीय संस्कृति में गंगा का महत्व सर्वोपरि है।

सुभारती विवि के भाषा विभाग, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय, ललित कला संकाय एवं राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के संयुक्त तत्वावधान में हुई गंगा परिक्रमा के दौरान 'भारतीय संस्कृति में गंगा का महत्व' विषय पर गोष्ठी में उक्त बात कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल ने कही। शुभारंभ इतिहासविद अनिल गांधी, लेखक डॉ. रामगोपाल भारतीय, कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल, प्रतिकुलपति कर्नल देवेंद्र स्वरूप, डीन डॉ. सुधीर त्यागी, डॉ. राहुल बंसल, डॉ. सीमा शर्मा एवं डॉ. पिन्टू मिश्रा ने किया। डॉ.रामगोपाल भारतीय ने कहा गंगा जहां से गुजरती है वह स्थान तीर्थ बन जाता है। गंगा केवल नदी नहीं बल्कि यह हमारे जीवन के लिए आस्था का केंद्र है। अनिल गांधी ने कहा पुस्तक की आत्मा उसके विचार होते हैं जो रचनात्मकता, तथ्य एवं प्रमाणिकता प्रस्तुत करते हैं। परियोजना प्रभारी कुलदीप के अनुसार राष्ट्रीय पुस्तक न्यास गंगा संरक्षण, इसके प्रति जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। डॉ.राहुल बंसल ने कहा किताबों से जागरूकता आती है। विधि गोस्वामी ने संचालन किया।



## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 22 June 2025** **Page No.** **City Page 7**

# विकास में योग की महत्वपूर्ण भूमिका

22.06.25 AU My City 07

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा एवं सुभारती विश्वविद्यालय कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल ने किया।

विनीत अग्रवाल शारदा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऋषि मुनियों के तप को भारत की पहचान के रूप में योग को विश्व में ख्याति दिलाई है। योग पूरे विश्व को स्वास्थ्य की अनमोल देन है। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि योग से हमें शारीरिक व मानसिक एकाग्रता प्राप्त होती है।



सुभारती में हुआ योग शिविर। स्रोत : संस्थान

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 24 June 2025** **Page No. 7**

24/06/25 H 07

# शहीदों के बलिदान से मिली हमें आजादी

**मेरठ,संवाददाता।** सुभारती विवि कैंपस परिसर में कारगिल स्मृति उपवन और आईएनए शहीद स्मारक में शहीद स्मारक एवं उपवन क्लब संरक्षक और सदस्यों की वार्षिक बैठक हुई। सदस्य आईएनए शहीद स्मारक पहुंचे। यहां आईएनए और सशस्त्र बलों के शहीदों को नमन किया।



सोमवार को सुभारती विश्वविद्यालय में शहीदों को नमन किया गया।

सुभारती समूह संस्थापक डॉ.अतुल कृष्ण ने कहा हमें आजादी शहीदों के बलिदान से मिली है। क्लब महासचिव कर्नल राजेश त्यागी के अनुसार शहीद स्मारक छह एकड़ भूमि पर फैला है, जिसमें कारगिल शहीदों की स्मृति में 559 पेड़ लगाए गए हैं। स्मारक अध्यक्ष डॉ.रोहित रविंदर ने सुभारती अस्पतालों में रक्षा कर्मियों के लिए अलग से सुविधाएं शुरू करने का सुझाव दिया। कर्नल डॉ.एनके आहूजा मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 25 June 2025** **Page No. City Page 5**

पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं हैं। संवाद

स्थिति पैदा कर सकते हैं।

बढ़ाने के स्वर्णिम अवसर मिलेंगे। संवाद

25/06/25 05 My city AU

## मेंटर मेंटी व्यवस्था विद्यार्थियों के लिए आवश्यक

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विवि के सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलेज के 2020 बैच के विद्यार्थियों के लिए मेंटर मेंटी मीटिंग हुई। सत्र का आयोजन प्रो. डॉ. रीना बिश्नोई और डॉ. आफरीन अल्मास ने संयुक्त रूप से किया। विशेष सत्र में 2020 बैच के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय में पांच वर्ष के विद्यार्थी जीवन में प्रथम वर्ष से लेकर महाविद्यालय में अंतिम दिन तक आयोजित की जाने वाली मेंटर मेंटी मीटिंग के विषय में अपने विचार रखे।



सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। स्रोत : संस्थान

विद्यार्थियों ने बताया कि महाविद्यालय में प्रचलित मेंटर-मेंटी व्यवस्था वास्तव में विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है। बीएएलएलबी पंचम वर्ष के पास आउट विद्यार्थी हैदर और प्रियंका ने अपने मेंटोर्स प्रो. रीना बिश्नोई और डॉ. आफरीन अल्मास को धन्यवाद दिया। सभी विद्यार्थियों ने सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक राजेश चंद्रा और संकाय अध्यक्ष प्रो. वैभव गोयल भारतीय का आभार व्यक्त किया गया।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 25 June 2025 Page No. 7**

25/06/25 7 H

## सुभारती लॉ कॉलेज में मेंटर-मेंटी का सत्र



मेरठ। सुभारती लॉ कॉलेज में 2020 बैच के विद्यार्थियों के लिए मेंटर-मेंटी मीटिंग का विशेष सत्र हुआ। प्रो.रीना बिश्नोई एवं डॉ.आफरीन अल्मास द्वारा हुए इस सत्र में पांच वर्ष के विद्यार्थी जीवन की यात्रा को साझा किया। पुरातन छात्र हैदर एवं प्रियंका, डीन प्रो.वैभव गोयल भारतीय ने अपने विचार व्यक्त किए।

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 26 June 2025** **Page No. 5**

मेरठ, गुरुवार, 26 जून 2025 05

हिन्दुस्तान

शहर 30s

26/6/25

### सुभारती विश्वविद्यालय में योग शिविर संपन्न



मेरठ। सुभारती विवि में सात दिवसीय योग शिविर संपन्न हो गया। महर्षि अरविंदो सुभारती कॉलेज एण्ड

Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 27 June 2025 Page No. City Page 4**

27/06/25 04 AU My City

## सुभारती और आईईएसआर के बीच हुआ एमओयू



समझौता ज्ञापन के दौरान दोनों संस्था के पदाधिकारी। स्रोत : संस्था

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के पैरामेडिकल साइंसेज विभाग ने इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस साइंस एंड रिसर्च (आईईएसआर) ग्रेटर नोएडा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

यह समझौता ज्ञापन संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों, जेनेटिक और उन्नत आणविक परीक्षण के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण, प्लेसमेंट गतिविधियों और एक्सचेंज प्रोग्राम के रूप में छात्र विनिमय कार्यक्रम के लिए किया गया है। विभागाध्यक्ष प्रो. पंकज किशोर मिश्रा, एसोसिएट प्रोफेसर उमेश कुमार और आशीष कुमार दुबे उपस्थित रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 27 June 2025** **Page No. 8**

शहर 30s

27/06/25 08 Hindustan

## सुभारती एवं आईईएसआर में एमओयू



मेरठ। सुभारती विवि के पैरामेडिकल साइंसेज विभाग ने इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस साइंस एंड रिसर्च (आईईएसआर) ग्रेटर नोएडा के साथ एमओयू पर साइन किए हैं। एमओयू के तहत दोनों संस्थान अनुसंधान गतिविधि, जेनेटिक और उन्नत आणविक परीक्षण के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट, इंडस्ट्री-एकेडेमिदस स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के रूप में काम करेंगे। विभागाध्यक्ष प्रो.पंकज किशोर मिश्रा, डॉ.उमेश कुमार, आशीष दुबे, डॉ. मनीषा दुबे, डॉ.श्वेता त्रिपाठी रहे

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 28 June 2025 Page No. 7**

जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कुछ उदाहरण भी पेश किए। विद्यालय के प्रबंधक वर्गों व प्रधानाचार्य सुधांशु शेखर ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

28/06/25 H, Page - 07

## सुभारती विवि में एफडीपी 30 जून से

मेरठ। सुभारती विवि में इंजीनियरिंग कॉलेज के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) 30 जून से शुरू होगा। यह उन्नत उभरती हुई प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग और भविष्य की संभावनाएं थीम पर केंद्रित है। डीन डॉ. मनोज कपिल के अनुसार हफ्तेभर होने वाली इस कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर देशभर के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 29 June 2025** **Page No.** **City Page 5**

संस्कृति

29/06/25, A.U, Page. 5

अभिनेत्री साक्षी तंवर ने सुभारती विश्वविद्यालय

## कला आत्मा की अभिव्यक्ति, संस्कृ

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय की ओर से आयोजित 13वीं वार्षिक ललित कला प्रदर्शनी का शुभारंभ शनिवार को अभिनेत्री साक्षी तंवर ने किया। उन्होंने कैटलॉग का भी विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कला आत्मा की अभिव्यक्ति है। यह हमारी संस्कृति और भाव को प्रदर्शित करने का अनूठा माध्यम है।

कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज, ललित कला संकाय के डीन डॉ. पिंटू मिश्रा एवं कर्नल राजेश त्यागी ने साक्षी तंवर का स्वागत किया। साक्षी ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का अवलोकन कर युवा



सुभारती विश्वविद्यालय में पेंटिंग देखतीं अभिनेत्री साक्षी तंवर। अमर उजाला

कलाकारों के साथ संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि यहां आकर महसूस हुआ कि हमारे देश का भविष्य न केवल तकनीक या विज्ञान में बल्कि सृजनात्मकता में भी उतना ही उज्ज्वल है। फाइन आर्ट जैसे क्षेत्र युवाओं को अपने भीतर की संवेदनाओं को व्यक्त करने का बेहतर माध्यम प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि मेहनत, लगन और विश्वास के साथ अपने काम में ईमानदारी से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने शिक्षा के साथ संस्कार, चिकित्सा एवं राष्ट्रीयता के लिए किए जा रहे विवि के कार्यों की सराहना की।

कुलपति मे
थपलियाल ने
कला का अ
मुख्य कार्यक
राज ने भी
बताया। डीन
विभाग के
सृजनशील हैं

विभागाध्य
बताया कि प्र
का आयोजन
बीएफए, एमए
छात्राओं द्वारा
का प्रदर्शन रा
में किया जाता

यह कला
एनसीआर के
प्रदर्शनी में चि
का प्रदर्शन कि

करके नौ जुलाई को वापस मेरठ पहुंचेंगे। ब्य



किटी @ मेरठ

रुड़की रोड स्थि
खेला और तरह
संजना, उर्मिला

अगर आप

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date-** **29 June 2025** **Page No.** **City Page 5**

संस्कृति

29/06/25, A.U, Page. 5

अभिनेत्री साक्षी तंवर ने सुभारती विश्वविद्यालय में किया कला प्रदर्शनी का शुभारंभ

## कला आत्मा की अभिव्यक्ति, संस्कृति को करती है प्रदर्शित

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय की ओर से आयोजित 13वीं वार्षिक ललित कला प्रदर्शनी का शुभारंभ शनिवार को अभिनेत्री साक्षी तंवर ने किया। उन्होंने कैटलॉग का भी विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कला आत्मा की अभिव्यक्ति है। यह हमारी संस्कृति और भाव को प्रदर्शित करने का अनूठा माध्यम है।



सुभारती विश्वविद्यालय में पेंटिंग देखतीं अभिनेत्री साक्षी तंवर। अमर उजाला

कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज, ललित कला संकाय के डीन डॉ. पिंटू मिश्रा एवं कर्नल राजेश त्यागी ने साक्षी तंवर का स्वागत किया। साक्षी ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का अवलोकन कर युवा कलाकारों के साथ संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि यहां आकर महसूस हुआ कि हमारे देश का भविष्य न केवल तकनीक या विज्ञान में बल्कि सृजनात्मकता में भी उतना ही उज्ज्वल है। फाइन आर्ट जैसे क्षेत्र युवाओं को अपने भीतर की संवेदनाओं को व्यक्त करने का बेहतर माध्यम प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि मेहनत, लगन और विश्वास के साथ अपने काम में ईमानदारी से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने शिक्षा के साथ संस्कार, चिकित्सा एवं राष्ट्रीयता के लिए किए जा रहे विवि के कार्यों की सराहना की।

कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि विद्यार्थियों ने कला का अनूठा प्रदर्शन किया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने भी इसे सराहनीय आयोजन बताया। डीन डॉ. पिंटू मिश्रा ने कहा कि विभाग के विद्यार्थी एवं शिक्षक सृजनशील हैं।

विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। इसमें बीएफए, एमएफए, पीएचडी के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का प्रदर्शन राजा रवि वर्मा कला दीर्घा में किया जाता है।

यह कला दीर्घा यूपी सहित दिल्ली एनसीआर की भव्य दीर्घा है। इस प्रदर्शनी में चित्र, मूर्ति एवं पोस्टर कार्यों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

### जिस क्षेत्र में काम करें, उसमें अपना शत-प्रतिशत लगाएं : साक्षी तंवर

सुभारती विश्वविद्यालय में पहुंचीं अभिनेत्री साक्षी तंवर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि युवा जिस क्षेत्र में काम करें, उसमें अपना शत-प्रतिशत लगाएं। किसी भी काम के लिए शॉर्टकट न अपनाएं। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं सशक्त हो चुकी हैं, बस जरूरत है अपनी शक्ति को पहचान कर आगे बढ़ने की। छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे और अब ओटीटी पर लगातार अपनी अदाकारी की छाप छोड़ने वाली साक्षी इस समय नेटफ्लिक्स की नई सीरीज 'माई' में फिर दमदार किरदार निभा रही हैं। सीरीज में वह ऐसी मां की भूमिका में हैं, जो अपनी बेटी के कातिलों का पता लगाने के लिए हर हद पार कर जाती है। इसी सिलसिले में उन्होंने इस किरदार, पर्दे पर बदलती नायिका की इमेज, औरतों की सुरक्षा, मदरहुड पर खुलकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत करना होगा।



# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 30 June 2025** **Page No.** **City page 2**

30/06/25 02 AU Mycity



सुभारती विश्वविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम में भाग लेने वाले शिक्षक। स्रोत : संस्थान

## वित्तीय एवं कानूनी सुरक्षा के लिए जागरूक किया

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के आचार्य विष्णुगुप्त सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में रविवार को एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम रहा। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट (एनआईएसएम) की ओर से यह कार्यक्रम किया गया। इसमें शिक्षकों को निवेश, वित्तीय साक्षरता और डिजिटल सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। आयोजन में 45 शिक्षक शामिल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन व निदेशक प्रो. आरके घई के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भूमिका केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि उन्हें उद्योगों की बदलती आवश्यकताओं और विद्यार्थियों की व्यावसायिक तैयारी के लिए निरंतर अद्यतन रहना आवश्यक है। ऐसे फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शिक्षकों के समग्र विकास का आधार बनते हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं बल्कि छात्रों को जिम्मेदार नागरिक और दक्ष पेशेवर बनाना है।

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की सदस्य डॉ. स्तुति प्रियदर्शिनी निज्हावन ने कहा कि शिक्षकों के लिए वित्तीय एवं कानूनी साक्षरता के लिए जागरूकता भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की आर्थिक एवं निवेश संबंधी समझ देने की जिम्मेदारी हमारी है। उन्होंने 'पहले बचत करों, फिर खर्च करो' के सिद्धांत की महत्ता बताई।

विधिक सलाहकार एवं साइबर क्राइम विशेषज्ञ ने डॉ. प्रीति शर्मा ने साइबर क्राइम, साइबर लॉ, डेटा सुरक्षा, और डिजिटल व्यवहार जैसे ज्वलंत विषयों पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डॉली वैश और डॉ. विनीता मित्तल रही। संवाद

Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 30 June 2025 Page No. 5**

30/6/25 05 H

## डिजिटल सुरक्षा, निवेश के टिप्स दिए

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता । स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के आचार्य विष्णु गुप्त सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन हुआ। मुख्य विषय स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम रहा। आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट एनआईएसएम के तत्वावधान में किया गया।



सुभारती विश्वविद्यालय में रविवार को फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को निवेश जागरूकता, वित्तीय साक्षरता और डिजिटल सुरक्षा से संबंधित नवीनतम पहलुओं से अवगत कराना था। विवि के विभिन्न संकायों और कॉलेजों से लगभग 45 शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रो. डॉ. आर.के.घई ने कहा कि उद्योग की बदलती आवश्यकताओं और विद्यार्थियों की व्यावसायिक तैयारी के लिए निरंतर अध्ययनरत रहना आवश्यक है। डॉ. स्तुति प्रियदर्शिनी ने निवेश जागरूकता, वित्तीय साक्षरता, कॉरपोरेट अनुपालन, निवेश रणनीति और नैतिक कॉरपोरेट शासन पर विचार रखे। डॉ. प्रीति शर्मा विधिक सलाहकार एवं साइबर क्राइम विशेषज्ञ ने साइबर क्राइम,. साइबर लॉ, डेटा सुरक्षा और डिजिटल व्यवहार पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ डॉली वैश, डॉ विनीता मित्तल रहे।


Subhartipuram, Delhi-Haridwar Meerut Bypass Road, NH-58, Meerut - 250 005

E-mail: slib53@rediffmail.com, Website: www.subharti.org